लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

प्रेस–विज्ञाप्ति

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **मुख्य परीक्षा–2013 की स्नातक कक्षाओं–बी0ए0, बी0एस–सी0, बी0काम0 (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) बी0पी0एड0, तथा ललित कला संकाय** के सभी वर्गो के नियमित (लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित छात्र/छात्राओं को छोड़कर) एवं इग्जेम्टेड परीक्षार्थियों तथा वार्षिक परीक्षा प्रणाली आधारित समस्त डिग्री/डिप्लोमा की परीक्षाओं हेतु परीक्षाफार्म (डाटाकार्ड) भरने की **अन्तिम तिथि 24–01–2013 तक विस्तारित** की जाती है। लखनऊ विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्षों एवं सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्यो से अपेक्षा की जाती है कि उक्त परीक्षाफार्मो (डाटाकार्ड) को **(निर्धारित सीटों की संख्या के अनुरूप एवं अर्हता सुनिश्चित करते हुए)** कक्षावार सूचीबद्ध करते हुए (सूची तीन प्रतियों में) निर्धारित शुल्क बैक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के माध्यम से **वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय,** लखनऊ के पक्ष में लखनऊ में देय संलग्न करते हुए **परीक्षा नियत्रंक कार्यालय (परीक्षा विभाग) लखनऊ विश्वविद्यालय को विलम्बतम दिनांक 29–01–2013** तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

यह भी सूचित किया जाता है कि **निर्धारित तिथि दिनांक 24–01–2013 के उपरान्त बिलम्ब शुल्क रू0 300/–प्रति छात्र/छात्रा की दर से परीक्षाफार्म (डाटाकार्ड) जमा करने की तिथि 29–01–2013 तक विस्तारित की जाती है।** बिलम्ब शुल्क के साथ प्राप्त परीक्षाफार्म (डाटाकार्ड) की कक्षावार सूची (सूची तीन प्रतियों में) सहित निर्धारित शुल्क बैक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के साथ **विलम्बतम दिनांक 31–01–2013 तक अनिवार्य रूप से परीक्षा नियत्रंक कार्यालय (परीक्षा विभाग) लखनऊ विश्वविद्यालय** को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी दशा में कोई भी परीक्षा फार्म (डाटा कार्ड), स्वीकार नही किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय

संख्या. सी–190/13 दिनांक 20.01.2013

प्रतिलिपि निदेशक, आई0पी0पी0आर0 लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय

संख्याः–सी–191–205/13 दिनांक 20.01.2013

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
3. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
5. कुलानुशासक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6. सकायाध्यक्ष, विज्ञान/कला/वाणिज्य/ललित कला संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
7. समस्त विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
8. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
9. प्रभारी, डी0टी0पी0 अनुभाग, को इस आशय के साथ प्रेषित की कृपया उक्त सूचना बेबसाइट पर उपलब्ध कराने एवं ई–मेल के द्वारा सम्बन्धित सभी को प्रेषित करने का कष्ट करें।
10. उप कुलसचिव (परीक्षा), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
11. सहायक कुलसचिव (परीक्षा), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
12. अधीक्षक, (गोपनीय विभाग), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
13. अधीक्षक, (कैश), (पुराना एवं नवीन परिसर), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
14. कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा), लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
15. सूचना केन्द्र, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय